PCS (J) मुख्य परीक्षा 2022

# CJL

**No. of Printed Pages : 4**

**2023**

**भाषा**

**Language**

***निर्धारित समय : तीन घण्टे]*** ***[ पूर्णांक : 100***

***Time allowed : Three Hours]*** ***[Maximum Marks : 100***

***नोट :*** *(i) अभ्यर्थी सभी **तीन** प्रश्नों के उत्तर दें ।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।*

***Note :*** *(i) Candidate should attempt all the **three** questions.*

*(ii) Marks carried by each question are indicated at its end.*

**भाग – 1 / PART – 1**

1. निम्नलिखित अंग्रेजी गद्यांश का सामान्य न्यायालयीय भाषा में हिन्दी भाषा व देवनागरी लिपि में अनुवाद कीजिए : **30 अंक**

(शब्द सीमा : अधिकतम **500** शब्द)

Translate the following English passage into the ordinary language spoken in Courts, using Hindi language & Devanagari Script : **30 Marks**

(Words limit : Maximum **500** words)

The theory on which costs are now awarded to a plaintiff is that default of the defendant made it necessary to sue him; and to a defendant is that the plaintiff sued him without cause, costs are thus in the nature of incidental damages allowed to indemnify a party against the expense of successfully vindicating his rights in Court and consequently the party to blame pays costs to the party without fault.

We must remember that whatever the origin of costs might have been, they are now awarded, not as a punishment to the defeated party but as a reimbursement to the successful party for the expenses to which he had been subjected, or as, Lord Coke puts it, for whatever appears to the Court to be the legal expenses incurred by the party in prosecuting his suit or his defence.

Principles of Civil Procedure Code apply, not merely to the award of costs, but also to the award of extra allowance or special costs. Courts are authorised to allow such special allowances, not to inflict a penalty on the unsuccessful party, but to indemnify the successful litigant for actual expenses incurred by him.

If in any suit or other proceeding including an execution proceeding but excluding an appeal or a revision, any party objects to the claim or defence on the ground that the claim or defence or any part of it is, as against the objector, false or vexatious to the knowledge of the party by whom it has been put forward, and if thereafter, as against the objector, such claim or defence is disallowed, abandoned or withdrawn in whole or in part, the Court, if it so thinks fit, may after recording its reasons for holding such claim or defence to be false or vexatious, make an order for the payment, to the objector by the party by whom such claim or defence has been put forward, of costs by way of compensation.

No Court shall make any such order for the payment of an amount exceeding three thousand rupees or exceeding the limits of its pecuniary jurisdiction, whichever amount is less :

Provided that where the pecuniary limits of the jurisdiction of any Court exercising the jurisdiction of a Court of small causes under the Provincial Small Causes Courts Act or under a corresponding law in force in any part of India to which the said Act does not extend and not being a Court constituted under such Act or law, are less than two hundred and fifty rupees, the High Court may empower such Court to award as costs under this provision any amount not exceeding two hundred and fifty rupees and not exceeding those limits by more than one hundred rupees. Provided further that the High Court may limit the amount which any Court or class of Courts is empowered to award under this provision.

It is to be noted that the huge costs are normally awarded in writ proceedings and public interest litigations, and not in a civil litigation.

## भाग – 2 / PART – 2

2. निम्नलिखित हिन्दी गद्यांश का सामान्य अंग्रेजी भाषा में अनुवाद कीजिए : **30 अंक**

(शब्द सीमा : अधिकतम **500** शब्द)

Translate the following Hindi passage into the ordinary English language : **30 Marks**

(Words limit : Maximum **500** words)

जब कोई व्यक्ति जो इक्कीस वर्ष से कम आयु का नहीं है, केवल जुर्माने से या सात वर्ष या उससे कम अवधि के कारावास से दण्डनीय अपराध के लिए दोषसिद्ध किया जाता है अथवा जब कोई व्यक्ति जो इक्कीस वर्ष से कम आयु का है या कोई स्त्री ऐसे अपराध के लिए, जो मृत्यु या आजीवन कारावास से दण्डनीय नहीं है,

दोषसिद्ध की जाती है और अपराधी के विरुद्ध कोई पूर्व दोषसिद्धि साबित नहीं की गई है तब, यदि उस न्यायालय को, जिसके समक्ष उसे दोषसिद्ध किया गया है, अपराधी की आयु, शील या पूर्ववृत्त को और उन परिस्थितियों को, जिनमें अपराध किया गया, ध्यान में रखते हुए यह प्रतीत होता है कि अपराधी को सदाचरण की परिवीक्षा पर छोड़ देना समीचीन है, तो न्यायालय उसे तुरन्त कोई दण्डादेश देने के बजाय निर्देश दे सकता है कि उसे प्रतिभुओं सहित या रहित उसके द्वारा यह बन्ध-पत्र लिख देने पर छोड़ दिया जाए कि वह तीन वर्ष से अनधिक, इतनी अवधि के दौरान जितनी न्यायालय निर्दिष्ट करे, बुलाए जाने पर हाजिर होगा और दण्डादेश पाएगा और इस बीच परिशान्ति कायम रखेगा और सदाचारी बना रहेगा:

परन्तु जहाँ कोई प्रथम अपराधी, किसी द्वितीय वर्ग मजिस्ट्रेट द्वारा, जो उच्च न्यायालय द्वारा विशेषतया सशक्त नहीं किया गया है, दोषसिद्ध किया जाता है और मजिस्ट्रेट की यह राय है कि उक्त प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग किया जाना चाहिए, वहाँ वह उस भाव की अपनी राय अभिलिखित करेगा और प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट को वह कार्यवाही प्रेषित करेगा और उस अभियुक्त को उस मजिस्ट्रेट के पास भेजेगा अथवा उस मजिस्ट्रेट के समक्ष हाजिर रहने के लिए जमानत लेने के लिए भेजेगा । जहाँ कोई कार्यवाही द्वितीय वर्ग मजिस्ट्रेट द्वारा प्रथम वर्ग मजिस्ट्रेट को निवेदित की गई है, वहाँ ऐसा मजिस्ट्रेट उस पर ऐसा दण्डादेश या आदेश दे सकता है जैसा यदि मामला मूलत: उसके द्वारा सुना गया होता, तो वह दे सकता है और यदि वह किसी प्रश्न पर अतिरिक्त जाँच करना या अतिरिक्त साक्ष्य लेना आवश्यक समझता है तो वह स्वयं ऐसी जाँच कर सकता है या ऐसा साक्ष्य ले सकता है अथवा ऐसी जाँच किए जाने या ऐसा साक्ष्य लिये जाने का निर्देश दे सकता है ।

किसी ऐसी दशा में, जिसमें कोई व्यक्ति चोरी, किसी भवन में चोरी, बेईमानी से दुर्विनियोग, छल या भारतीय दण्ड संहिता के अधीन दो वर्ष से अनधिक अवधि के कारावास से दण्डनीय किसी अपराध के लिए या केवल जुर्माने से दण्डनीय किसी अपराध के लिए दोषसिद्ध किया जाता है और उसके विरुद्ध कोई पूर्व दोषसिद्धि साबित नहीं की गई है, यदि वह न्यायालय, जिसके समक्ष वह ऐसे दोषसिद्ध किया गया है, ठीक समझे, तो वह अपराधी की आयु, शील, पूर्ववृत्त या शारीरिक या मानसिक दशा की और अपराध की तुच्छ प्रकृति को, या किन्हीं परिशमनकारी परिस्थितियों को, जिनमें अपराध किया गया था, ध्यान में रखते हुए उसे कोई दण्डादेश देने के बजाय सम्यक् भर्त्सना के पश्चात् छोड़ सकता है ।

यदि उस न्यायालय का, जिसने अपराधी को दोषसिद्ध किया है, या उस न्यायालय का, जो अपराधी के संबंध में उसके मूल अपराध के बारे में कार्यवाही कर सकता था, समाधान हो जाता है कि अपराधी अपने मुचलके की शर्तों में से किसी का पालन करने में असफल रहा है तो वह उसके पकड़े जाने के लिए वारण्ट जारी कर सकता है ।

## भाग – 3 / PART – 3

3. निम्नलिखित गद्यांश को सावधानीपूर्वक पढ़ें :

(शब्द सीमा : अधिकतम **500** शब्द)

Read the following passage carefully :

(Words limit : Maximum **500** words)

Any member of the public having sufficient interest can maintain an action for judicial redress for public injury arising from breach of public duty or from some violation of some provision of the Constitution or the law and seek enforcement of

such public duty and observance of such Constitutional or legal provision. Where a person or class of persons to whom legal injury is caused by reason of violation of a fundamental right is unable to approach the court for judicial redress on account of poverty or disability or socially or economically disadvantaged position or for any other reason, any member of the public acting bonafide can move the court for a relief under relevant provisions of the Constitution, so that the fundamental rights may become meaningful not only for the rich and the well-to-do who have the means to approach the court but also for the large number of people who are living a life of want and destitution and who are by reason of lack of awareness, assertiveness and resources unable to seek judicial redress. If any citizen brings before the court a complaint that a large number of peasants or workers are bonded serfs or are being subjected to exploitation by a few mine owners or contractors or employers or are being denied the benefits of social welfare laws, the State Government, which is, under Constitutional scheme, charged with the mission of bringing about a new socio-economic order, where there will be social and economic justice for every one and equality of status and opportunity for all, would welcome an inquiry by the court, so that it is found that there are in fact, bonded labourers such a situation can be set right by the State Government. The strict rule of locus standi applicable to private litigation is relaxed and a broad rule is evolved which gives the right of locus standi to any member of the public acting bonafide and having sufficient interest in instituting an action for redressal of public wrong or public injury; but who is not a mere busy body or a meddle-some interloper; since the dominant object of relaxed approach, is to ensure the observance of the provisions of the Constitution or the law which can be best achieved to advance the cause of community or disadvantaged groups and individuals or larger interest by permitting any person, having no personal gain or private motivation or any other oblique consideration but acting in good faith and having sufficient interest in maintaining an action for judicial action for public injury or damage to put the judicial machinery in motion like 'actio-popularis' of Roman Law, whereby any citizen could bring such an action in respect of a public delict. In exercising the liberal attitude, the court has to act with great deal of caution and circumspection so that its process is not misused for settling old scores or enemity by the petitioner against the respondent.

(क) उपरोक्त गद्यांश का उचित शीर्षक दीजिए। **10 अंक**

(शब्द सीमा : अधिकतम **10** शब्द)

(a) Give a suitable title of the above passage. **10 Marks**

(Words limit : Maximum **10** words)

(ख) उपरोक्त गद्यांश का संक्षिप्तीकरण अंग्रेजी में कीजिए। **30 अंक**

(शब्द सीमा : अधिकतम **300** शब्द)

(b) Write a precis in English of the above passage. **30 Marks**

(Words limit : Maximum **300** words)

---

# CJP

No. of Printed Pages : 3

## 2023

## वर्तमान परिदृश्य

## The Present Day

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 150*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 150*

*नोट : (i) अभ्यर्थी सभी पाँच प्रश्नों के उत्तर दें ।*

*(ii) प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।*

*Note : (i) Candidate should attempt all the **five** questions.*

*(ii) Marks carried by each question are indicated at its end.*

1. (अ) 'निर्णयानुसरण का सिद्धान्त' जैसा कि यू.के. एवं भारत में प्रयोज्य है विवेचना कीजिए । सुसंगत निर्णयों का भी संदर्भ दीजिए । 15

(शब्द सीमा : अधिकतम **200** शब्द)

(ब) "प्रगतिशील समाज अब तक हैसियत से संविदा पर गए हैं ।" टिप्पणी करते हुए वर्तमान परिदृश्य में इसकी भारत के संदर्भ में विवेचना कीजिए । 15

(शब्द सीमा : अधिकतम **200** शब्द)

(a) Discuss the doctrine of 'Stare Decisis' as applicable in U.K. and India. Also refer to relevant cases.

(Words limit : Maximum **200** words)

(b) "The movement of progressive societies has hitherto been a movement from status to contract." Comment and point out whether this is applicable in India in present day scenario.

(Words limit : Maximum **200** words)

2. (अ) "प्रत्यर्पण वहाँ प्रारम्भ होता है जहाँ आश्रय समाप्त होता है ।" विवेचना कीजिए । **15**

(शब्द सीमा : अधिकतम **200** शब्द)

(ब) कम से कम दो वादों की सहायता से तथ्येन एवं विधि मान्यता का अन्तर बताइए । **15**

(शब्द सीमा : अधिकतम **200** शब्द)

(a) "Asylum stops where extradition begins." Explain.

(Words limit : Maximum **200** words)

(b) Point out the difference between 'De facto' and 'De Jure' Recognition with the help of at least two cases.

(Words limit : Maximum **200** words)

3. (अ) अन्तर्राष्ट्रीय विधि के अन्तर्गत राजनयिक प्रतिनिधियों की उन्मुक्तियाँ तथा विशेषाधिकार के आधारों की विवेचना कीजिए । **15**

(शब्द सीमा : अधिकतम **200** शब्द)

(ब) न्याय के अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय की संरचना एवं इसके द्वारा लागू की जाने वाली विधि का उल्लेख कीजिए । अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय के निर्णयों की बंधनकारी शक्ति का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए । **15**

(शब्द सीमा : अधिकतम **200** शब्द)

(a) Discuss the basis of immunities and privileges of Diplomatic Agents as provided under International Law.

(Words limit : Maximum **200** words)

(b) State the composition of International Court of Justice and law applied by it. Critically examine the binding force of the decision of this court.

(Words limit : Maximum **200** words)

4. (अ) राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण बनाम भारत संघ (ए.आई.आर. 2014 एस. सी. 1863) के मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा दिये गये निर्णय की विस्तार से विवेचना कीजिए । **15**

(शब्द सीमा : अधिकतम **200** शब्द)

(ब) भारतीय संविधान के अनुच्छेद 243-ख एवं 243-ग के अन्तर्गत स्थापित पंचायतों के गठन एवं उसकी संरचना का वर्णन कीजिए । **15**

(शब्द सीमा : अधिकतम **200** शब्द)

(a) Explain in detail the decision given by Supreme Court in National Legal Service Authority V. Union of India (AIR 2014 SC 1863)

(Words limit : Maximum **200** words)

(b) Describe the constitution and composition of Panchayats as provided in Articles 243-B and 243-C of the Constitution of India.

(Words limit : Maximum **200** words)

5. (अ) यह कहा जाता है कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के अन्तर्गत 'विधि द्वारा स्थापित प्रक्रिया' 'विधि की सम्यक प्रक्रिया' में परिवर्तित हो गई है। टिप्पणी करते हुए विवेचना कीजिए। **15**

(शब्द सीमा : अधिकतम **200** शब्द)

(ब) उच्चतम न्यायालय अभिलेख अधिवक्ता संघ बनाम भारत संघ (2016) 5 SCC 1 के मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिये गये निर्णय का आलोचनात्मक परीक्षण कीजिए। **15**

(शब्द सीमा : अधिकतम **200** शब्द)

(a) It is said that 'Procedure established by law' under Art. 21 of the Constitution of India has been converted to due process of law. Comment and discuss.

(Words limit : Maximum **200** words)

(b) Critically examine the judgement pronounced by the Supreme Court in Supreme Court Advocates-on-Record Association V. Union of India (2016) 5 SCC 1.

(Words limit : Maximum **200** words)

# CJS

**No. of Printed Pages : 07**

**2023**

## विधि – I (मुख्य विधि)

## (प्रथम प्रश्न–पत्र)

## Law – I (Substantive Law)

## (First Paper)

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 200*

***Time allowed : Three Hours]*** ***[Maximum Marks : 200***

*नोट :* *अभ्यर्थियों को प्रश्न संख्या 1 एवं 2 करना अनिवार्य है तथा अन्य कोई **चार** प्रश्न हल करने हैं । कुल छः प्रश्न हल करने हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।*

***Note :*** *Candidates should attempt question Nos. **1** and **2** as compulsory and not more than **four** of the remaining ones. Total **six** questions are to be attempted. Marks carried by each question are indicated at its end.*

1. (अ) प्रतिफल के बिना करार शून्य है, सिवाय जबकि वह लिखित तथा रजिस्ट्रीकृत हो या की गई किसी बात के लिए प्रतिकर देने का वचन हो, या परिसीमा विधि द्वारा वारित किसी ऋण के संदाय का वचन हो । व्याख्या कीजिए ।

(शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **15**

(ब) "पट्टाकर्ता" और "बंधकदार" को परिभाषित करें व इनमें अन्तर करें । सम्पत्ति अन्तरण अधिनियम, 1882 के अन्तर्गत सुखाधिकार अर्जित करने के अधिकार और निजता (एकान्तता) के अधिकार के सम्बन्ध में भी टिप्पणी कीजिए ।

(शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **15**

(स) "संभाव्य उत्तराधिकार" पर टिप्पणी करें । निर्णित वादों की सहायता से अपने अधिकार को त्यागने के लिए प्रतिवर्ती द्वारा समझौते पर भी चर्चा करें ।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(a) Agreement without consideration is void, unless it is in writing and registered or is a promise to compensate for something done or is a promise to pay a debt barred by limitation law. Illustrate.

(Words limit: Maximum **100** Words)

(b) Define and differentiate "Lessor" and "Mortgagee". Also comment with regard to right to acquire easement and right to privacy under Transfer of Property Act, 1882.

(Words limit : Maximum **100** Words)

(c) Comment on "Spec Successionis". Also discuss agreement made by reversionary to relinquish his right with the help of decided case law.

(Words limit: Maximum **50** Words)

2. (अ) हिन्दू विवाह अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत एक पत्नी को विवाह विच्छेद हेतु प्रदत्त अतिरिक्त आधारों का वर्णन कीजिए तथा नवीनतम निर्णित वादों का उल्लेख कीजिए ।

(शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **15**

(ब) साझेदारी और संयुक्त परिवार को परिभाषित कीजिए । उनके अधिकारों और दायित्वों पर चर्चा करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **100** शब्द) **15**

(स) युवावस्था की अवधारणा पर चर्चा करें और हिन्दू विधि के अन्तर्गत यह कैसे भिन्न है ? व्याख्या करें । (शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(a) Mention additional grounds available to a wife for divorce under Hindu Marriage Act, 1955 and mention recently decided cases too.

(Words limit: Maximum **100** Words)

(b) Define the Partnership and Joint family. Discuss their rights and liabilities.

(Words limit : Maximum **100** Words)

(c) Discuss on the concept of 'option of puberty' and how it is different under Hindu law ? Discuss.

(Words limit: Maximum **50** Words)

3. (अ) "मृत पिता के ऋणों को चुकाने का पुत्र का पवित्र दायित्व है ।" इस दायित्व के विस्तार व सीमाओं का उल्लेख कीजिए ।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(ब) निर्णित न्यायिक निर्णयों की सहायता से "खाता बन्द करना" व "अन्यायपूर्ण संवृद्धि" की अवधारणा पर चर्चा कीजिए ।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(स) मुस्लिम विधि के अन्तर्गत अग्रक्रयाधिकार (शुफा) के अधिकार की सीमाओं व विस्तार का वर्णन कीजिए ।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(a) "It is pious obligation of a son to pay the debts of his deceased father." Mention the extent and limitations of this duty.

(Words limit: Maximum **50** Words)

(b) Discuss the concept of "Freezing of Account" and "Unjust enrichment" with the help of decided case law.

(Words limit : Maximum **50** Words)

(c) Describe the extent and limitation of the right of pre-emption under Muslim Law.

(Words limit: Maximum **50** Words)

4. (अ) 'अ' और 'ब' संयुक्त रूप से 'स' के विवाह के चित्र को चित्रित करने का वादा करते हैं जो कि 16 वर्ष की आयु की है । 'स' ने अपने घर से सटे एक दो बी एच के घर या ₹ 2 करोड़ के मूल्य के समतुल्य राशि देने का करार किया । उन प्रावधानों पर चर्चा करें जिनके अन्तर्गत 'अ' और 'ब' विधिक प्रावधानों की मदद से वचन पालन के लिए 'स' को विवश कर सकते हैं ।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(ब) निर्णित न्यायिक निर्णयों व विधिक प्रावधानों की मदद से गिरवीकर्त्ता व गिरवीदार के अधिकार व कर्त्तव्यों की व्याख्या करें ।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(स) निर्णित मामलों तथा साइबर विधि के प्रावधानों की सहायता से 'अपमानकारी लेख' व 'अपमानकारी वचन' की उभरती हुई अवधारणा को परिभाषित करें ।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(a) A and B jointly promise to paint a wedding portrait of 'C' who is 16 years old. 'C' agreed in consideration to give one 2 BHK House adjoining to her house or in kind equivalent to the value of ₹ 2 crores. Discuss the provisions under which 'A' and 'B' have remedies to compel 'C' for performance of the promises with the help of decided case law.

(Words limit: Maximum **50** Words)

(b) With the help of relevant legal provisions and decided cases, explain the rights and duties of bailor and bailee.

(Words limit : Maximum **50** Words)

(c) Define with the help of decided cases and cyber law, the evolving concept of "Libel" and "Slander".

(Words limit: Maximum **50** Words)

5. (अ) 'वोट दर्ज करने से इन्कार' करने और 'एक शैक्षणिक वर्ष के नुकसान' के सम्बन्ध में 'क्षति बिना हानि' व 'हानि बिना क्षति' के सिद्धान्त की व्याख्या कीजिए ।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(ब) सुसंगत निर्णयों व विधिक प्रावधानों की सहायता से "निर्मुक्ति" और "उपमति" को परिभाषित कीजिए और इनमें अन्तर भी बताइए ।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(स) मुस्लिम विधि के अन्तर्गत उत्तराधिकारी के वर्ग की विवेचना कीजिए । उदाहरणों की सहायता से "वृद्धि के सिद्धान्त" (Aul) और "वापसी के सिद्धान्त" (Radd) पर भी टिप्पणी कीजिए ।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(a) Explain the principle 'damnum sine injuria' and 'injuria sine damnum' in connection with the action of 'refusal to register vote' and 'loss of one academic year'.

(Words limit: Maximum **50** Words)

(b) Define "Release" and "Acquiescence" with the relevant provisions of law and decided case law and differentiate between the two.

(Words limit : Maximum **50** Words)

(c) Discuss the class of heirs under Muslim Law. Also comment on "Principle of increase" (Aul) and "Principle of Return" (Radd) with the help of suitable examples.

(Words limit: Maximum **50** Words)

6. (अ) हिंदू विवाह अधिनियम की धारा 13-ब के अन्तर्गत विवाह-विच्छेद पर सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ के हाल के फैसले के बाद, प्रतीक्षा अवधि की छूट पर विवाह संस्था पर प्रभाव पर चर्चा करें । इस संदर्भ में "न्यायालय विवाह संस्थानों को बनाने की ही कोशिश करती है, परन्तु विवाह को तोड़ने की नहीं ।" व्याख्या करें ।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(ब) अ, ब, स और द अलग-अलग मोटर मालिक दिल्ली और हरिद्वार के बीच अपनी मोटर को निर्धारित किराए पर चलाने और आय को समान रूप से विभाजित करने के लिए सहमत हैं । क्या अ, ब, स और द साझेदार हैं ? वैधानिक प्रावधानों की मदद से चर्चा करें ।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(स) एक सह-मालिक द्वारा संपत्ति के हस्तांतरण के आलोक में "आवास गृह" और "परव्यक्ति अंतरिती के विरुद्ध निषेधाज्ञा" पर निर्णित सम्बन्धित निर्णयों की मदद से टिप्पणी करें ।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(a) Discuss the impact on Marriage institutions on waiver of waiting period after the recent judgment of Supreme Court Constitution Bench on the divorce under Section 13-B of Hindu Marriage Act in the light of "Courts try to make the Marriage Institutions and not to break the marriage". Discuss.

(Words limit: Maximum **50** Words)

(b) A, B, C and D are different Motor owners, they agree to ply their motor between Delhi and Haridwar at fixed fare and to divide the proceed equally. Are A, B, C and D partners ? Discuss with the help of statutory provisions.

(Words limit : Maximum **50** Words)

(c) Comment with the help of decided case law on "Dwelling House" and "Injunction against stranger transferee" in the light of transfer of property by one co-owner.

(Words limit: Maximum **50** Words)

7. (अ) "X" और "Y" पति-पत्नी हैं। "X" अपने पति के विरुद्ध दूसरी पत्नी से विवाह करने से निवारित करने हेतु वाद दायर करती है। विधिक प्रावधानों व निर्णित निर्णयों की सहायता से टिप्पणी कीजिए कि क्या निषेधाज्ञा के लिए "X" का वाद पोषणीय है ?

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(ब) एक अनुबंध के 'नवीयन' और 'विखण्डन' को परिभाषित करते हुए इनमें अन्तर भी बताइए।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(स) "वसीयती संरक्षक" तथा "माता-पिता" की वर्तमान समय में उभरती परिभाषा पर टिप्पणी कीजिए।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(a) "X" and "Y" are husband and wife. "X" files a suit against her husband to grant injunction against "Y" restraining him from marrying a second wife. Comment with the help of statutory provisions and decided case law, whether "X" suit for injunction is maintainable.

(Words limit: Maximum **50** Words)

(b) Define and differentiate between "Novation" and "Recession" of Contract.

(Words limit : Maximum **50** Words)

(c) Comment on the evolving definition of "testamentary guardian" and "parents" in the present times.

(Words limit: Maximum **50** Words)

8. (अ) एक हिन्दू पुरुष की मृत्यु बिना वसीयत के हो जाती है। जिसमें वह अपने पीछे अपनी विधवा, दो बेटों एस–1 और एस–2, पूर्व–मृत बेटी की बेटी, अपनी माँ और भाई को छोड़ गया। चर्चा करें कि मृतक की संपत्ति में कौन सफल होगा और हिन्दू उत्तराधिकार अधिनियम के अन्तर्गत उनका अंश क्या होगा ?

(शब्द सीमा: अधिकतम 50 शब्द) 10

(ब) निर्णित वाद विधि की सहायता से "संयुक्त मालिकों द्वारा अतिचार और जानवरों द्वारा अतिचार" के बीच अन्तर करें और इन्हें परिभाषित करें।

(शब्द सीमा: अधिकतम 50 शब्द) 10

(स) वैधानिक प्रावधानों और निर्णित वाद विधि की मदद से टिप्पणी करें कि कब अजन्मे व्यक्ति को अपने अधिकारों के हस्तांतरण पर निहित हित प्राप्त हो जाता है।

(शब्द सीमा: अधिकतम 50 शब्द) 10

(a) A Hindu male dies intestate. He left behind his widow, two sons S-1 and S-2, daughter of pre-deceased daughter, his mother and his brother. Discuss who will succeed to the property of deceased and what will be the share under Hindu Succession Act ?

(Words limit: Maximum 50 Words)

(b) Define and differentiate between "Trespass by joint owner and Trespass by animals" with the help of decided case law.

(Words limit : Maximum 50 Words)

(c) Comment with the help of statutory provision and decided case law, when can unborn person acquires vested interest on transfer of his rights.

(Words limit: Maximum 50 Words)

9. (अ) निर्णित वाद विधि और वैधानिक प्रावधानों की सहायता से "मालिक और नौकर के संदर्भ" और "नौकर और स्वतंत्र ठेकेदार के संदर्भ" में संबंध में दायित्व की विकसित अवधारणा को स्पष्ट करें।

(शब्द सीमा: अधिकतम 50 शब्द) 10

(ब) उदाहरण की सहायता से "हिबा–बिल–इवाज" और "हिबा–बा–शरत–उल–इवाज" को परिभाषित करें और इनमें अंतर करें।

(शब्द सीमा: अधिकतम 50 शब्द) 10

(स) निर्णित वादों की सहायता से फर्म में भागीदार की सम्पत्ति का उपयोग करते समय, भागीदार के 'व्यक्तिगत व्यापार चिह्न' और 'भागीदार के किरायेदारी अधिकारों' पर टिप्पणी करें।

(शब्द सीमा: अधिकतम 50 शब्द) 10

(a) Illustrate the evolving concept of liability by relation with "reference to master and servant" and "servant and independent contractor" with the help of decided cases and statutory provision.

(Words limit: Maximum **50** Words)

(b) Define and differentiate between "Hiba-bil Iwaz" and "Hiba-ba-shart-ul-Iwaz" with the help of example.

(Words limit : Maximum **50** Words)

(c) Comment on the partner's "Personal Trade Mark" and "Partner's Tenancy Rights" while using the Partner's property in firm with the help of decided case law.

(Words limit: Maximum **50** Words)

10. (अ) 'मुस्लिम परिवार में उत्पन्न हुआ बच्चा संयुक्त रूप से और समान रूप से संपत्ति का आनंद नहीं लेता है' जबकि हिन्दू परिवार में उत्पन्न हुआ बच्चा "चाँदी के चम्मच के साथ पैदा हुआ है"। इन पर आलोचनात्मक टिप्पणी कीजिए।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(ब) "न्यासी का पद ग्रहण करना बहुत सरल है किन्तु पद का निर्वहन करना बहुत कठिन है।" कथन की विवेचना करते हुए न्यासियों की निर्योग्यताओं का उल्लेख कीजिए।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(स) "प्रत्यासन" के सिद्धान्त के गुण व दोषों की विवेचना कीजिए।

(शब्द सीमा: अधिकतम **50** शब्द) **10**

(a) Comment critically on the "Child born in Muslim family do not enjoy the property jointly and in common" whereas a child born in Hindu family is "born with Silver Spoon".

(Words limit: Maximum **50** Words)

(b) "It is very easy to occupy the post of a trustee but very difficult to discharge the duty of a trustee." While explaining the statement, mention the disabilities of a trustee.

(Words limit : Maximum **50** Words)

(c) Discuss the merits and demerits of the principle of "subrogation".

(Words limit: Maximum **50** Words)

---

# CJE

No. of Printed Pages : 8

**2023**

**विधि – II (साक्ष्य एवं प्रक्रिया)**

**(द्वितीय प्रश्न–पत्र)**

# Law – II (Evidence and Procedure)

## (Second Paper)

**निर्धारित समय : 3 घंटे]** **[ पूर्णांक : 200**

***Time allowed : 3 Hours]*** ***[Maximum Marks : 200***

नोट : *अभ्यर्थी को प्रश्न संख्या 1 करना अनिवार्य है तथा अन्य कोई* ***चार*** *प्रश्न हल करने हैं । प्रत्येक खण्ड में से एक प्रश्न करना अनिवार्य है । कुल* ***पाँच*** *प्रश्नों के उत्तर देने हैं । प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने अंकित हैं ।*

